प्रेस नोट

दिनांक 01.03.2026

आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कस्बा राठ में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया गया।

आज दिनांक 01.03.2026 को अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु कस्बा राठ क्षेत्र में व्यापक फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया गया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करना तथा असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना रहा कि जनपद पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। पैदल गस्त मुख्य बाजार, बस स्टैंड, प्रमुख चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों किया गया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी द्वारा आमजन, व्यापारियों एवं संभ्रांत नागरिकों से संवाद स्थापित कर आगामी त्योहारों को आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा निर्देशित किया गया कि त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र में सतत गश्त, रात्रि भ्रमण एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राठ, क्षेत्राधिकारी राठ सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश